CIVIC BODY POLLS

# 55.54% turnout in Mohali amid isolated incidents, war of words

## 54.84% voting in Mohali Municipal Corporation; 57.09% in Derabassi and 48.27% in Zirakpur councils

Jasbir Malhi
*Mohali, May 26*

THE MUNICIPAL Corporation and Municipal Council elections in Mohali district concluded on Monday with an overall turnout of 55.54 per cent. While polling remained largely peaceful, a few wards witnessed minor disputes and allegations during the day.

Deputy Commissioner-cum-District Election Officer Komal Mittal said voting was held for the Mohali Municipal Corporation and the Municipal Councils of Zirakpur, Derabassi, Banur, Lalru, Kurali and Naya Gaon.

She said Mohali Municipal Corporation recorded 54.84 per cent polling, while voter turnout stood at 57.09 per cent in Derabassi, 64.27 per cent in Kurali, 72.86 per cent in Banur, 48.27 per cent in Zirakpur, 58.25 per cent in Naya Gaon and 69.34 per cent in Lalru.

Mittal said the polling process was conducted in a peaceful and orderly manner. Senior Superintendent of Police (SSP) Harmandeep Singh Hans also visited various polling stations during the day to review security arrangements and monitor law and order.

### *First-time voters turn out in large numbers*

First-time voters were among the most enthusiastic participants in the civic polls, with young electors arriving at polling stations from early morning to exercise their franchise.

At a polling booth in Sohana, first-time voters Niharika and Shivani said, "Voting is essential for strengthening democracy. Every citizen should exercise their right to vote responsibly and make proper use of their ballot".

### *Dispute over ballot box seal in Ward 36*

A brief controversy erupted at a polling station in Sector 71's Ward No. 36 after the BJP and the Congress candidates alleged that a ballot box had not been properly sealed.

The candidates raised objections and questioned the polling process. Election officials and police personnel reached the spot and intervened. After the issue was addressed, voting resumed normally.

### *Bogus voting allegations trigger protest in Ward 5*

Tension prevailed outside a polling booth in Phase 2's Ward No. 5 after former councillor Davinder Walia alleged bogus voting.

Walia claimed voter identities were not being verified properly and that people were being allowed to vote without adequate scrutiny.

Following the complaint, MLA Kulwant Singh and former mayor Amarjeet Singh Jeeti Sidhu reached the polling station. A heated exchange followed between political leaders and police officials. Supporters gathered outside the booth for some time, creating a tense atmosphere before the situation was brought under control.

### *Ward 39 witnesses tense campaigning atmosphere*

Ward No. 39 remained one of the most closely watched constituencies, with supporters of rival groups engaging in repeated arguments and verbal confrontations throughout the day.

Additional police personnel were deployed to maintain order. Polling officials appealed to residents to cooperate in ensuring peaceful and fair elections. Despite intermittent tensions, voting continued uninterrupted.

### *Political leaders cast votes with family members*

Leaders from various political parties cast their votes along with family members and appealed to residents to participate in the democratic process.

MLA Kulwant Singh voted at Lakhnour in Ward No. 42, where his son Sarabjit Singh Samana is contesting the election.

Former minister Balbir Singh Sidhu cast his vote in Ward No. 10, from where his son Kanwarbir Singh "Rubby" Sidhu is in the fray.

AAP candidate and Chairman of the Punjab Water Supply and Sewerage Board Dr Sunny Ahluwalia voted in Phase 3-A. Shiromani Akali Dal district president Parvinder Singh Baidwan cast his vote in Sohana, while BJP district president Sanjeev Vashisht voted with his family in Sector 71.

### *Long queues seen in Balongi, Kumbra and Sohana*

Long queues of voters were witnessed throughout the day at polling stations in Balongi, Mohali village, Kumbra, Sohana and Mataur, reflecting strong public participation in the civic elections.

Balongi village falls across three wards, while Sohana and Kumbra are divided into two wards each. Given its sensitivity, polling stations in Balongi had been placed in the highly sensitive category and were guarded with enhanced security arrangements.

Political activity remained intense in several wards, including Wards 6, 10, 14, 21 and 39. Former minister Balbir Singh Sidhu remained active in his son's ward throughout the day, closely monitoring election-related developments.

The Deputy Commissioner informed that all ballot boxes have been safely secured in designated strong rooms under prescribed security arrangements. The counting of votes will be undertaken on May 29.







(Clockwise from top) A group of women stand in queue, DSP (City 2) Harsimran Singh Bal shows his inked finger after casting his vote, and a woman in wheelchair after casting her vote on Tuesday. JASBIR MALHI

# HC appoints commissioner to inspect Dadumajra dump, verify civic body claims

## Petitioners allege MC repeatedly misled court through 'false and fabricated' affidavits on garbage clearance

Express News Service
*Chandigarh, May 26*

THE PUNJAB and Haryana High Court on Tuesday appointed a local commissioner to inspect the Dadumajra dumping ground and verify the Municipal Corporation (MC) of Chandigarh's claims regarding clearance of waste from the site.

A Division Bench of Chief Justice Sheel Nagu and Justice Sanjiv Berry directed Advocate Tanu Bedi — who was appointed as the commissioner — to visit the site at 5 pm on Tuesday itself and submit a report by May 29, along with photographs from different angles showing the extent to which the area had been cleared.

The directions were issued during the hearing of petitions concerning the Dadumajra garbage dump, with petitioner-in-person Advocate Amit Sharma alleging that the civic body had been misleading the court since 2017 through "false, fabricated and misleading" affidavits and incorrect statements regarding waste processing and conditions at the site.

During the hearing, the MC placed before the Bench photographs, drone footage and a proposed site plan to submit that biodegradable legacy waste spread over nearly 25 acres was being manually processed and cleared.

Senior Advocate Gaurav Mohunta, appearing for the corporation, submitted that around 550 workers had been deployed along with vehicles and JCB machines for removal of non-biodegradable waste.

The corporation further submitted that nearly five to seven acres had already been cleared and about half an acre was being cleared every day. It also presented a future utilisation plan for the site, including a compressed biogas plant proposed through Indian Oil Corporation Limited, a sanitary landfill area, segregation facilities and plantation over nearly 33 per cent of the land.



Advocate Tanu Bedi — who was appointed as the commissioner — at the Dadumajra dump site. EXPRESS

The Bench, however, questioned the long-term viability of continuing waste-processing activity near a densely populated residential area. At one point, the Chief Justice observed, "Population has now come there," while also remarking that the area ought to be converted into a green patch with trees.

The MC submitted that Chandigarh's waste had to be processed somewhere and claimed that no fresh dumping would take place at the site as the present processing capacity exceeded the city's waste generation.

Strongly contesting the submissions, Sharma told the court that the civic body was attempting to create an inaccurate impression that the dumping ground had been substantially cleared. Referring to photographs and videos stated to have been recorded on Monday noon from nearby houses, he submitted that large quantities of garbage still remained at the site and residents continued to suffer due to foul smell and pollution.

"There is complete filth there. You've got plastic, clothes — you name it, you've got it," Sharma submitted before the Bench.

Alleging a "recurring pattern" of misleading the court, Sharma submitted: "They have been filing affidavits which are false, fabricated, misleading, and I say this with complete responsibility."

He also questioned the corporation's stand that there was no foul smell emanating from the dumping ground.

"They have been saying this since 2017. There is no smell in the garbage. It is bizarre. It is beyond baffling," he submitted.

Advocate Molly Lakhanpal, appearing for petitioner Deepti Singh, referred to the Solid Waste Management Rules, 2016, and argued that the site violated environmental norms. She submitted that Rule 11 required maintenance of a buffer zone around such facilities and contended that the plant could not legally continue at the present location due to nearby habitation.

Taking note of the rival claims, the court ordered a spot inspection by a one-person commission to verify the correctness of the corporation's submissions.

The matter will now be taken up after the commissioner submits the report on May 29.

# District court dismisses anticipatory bail plea of Yograj Singh

Express News Service
*Chandigarh, May 26*

THE CHANDIGARH Court on Tuesday dismissed the anticipatory bail plea of former Indian cricketer and actor Yograj Singh.

The Court of District and Sessions Judge has dismissed the plea. A detailed order in the matter was yet to be released.

The police have also added Section 61(2) of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) in an FIR registered against him over alleged derogatory remarks against women in a purported viral clip from a web series.

In his anticipatory bail plea, Yograj Singh, through his counsel, has argued that the clip in question is from a web series in which he had played a character. It has been submitted that he was bound by an agreement executed for the web series.

The plea has further argued that the FIR has been falsely registered against him.

The Chandigarh Police however opposed the bail plea.

After hearing arguments, the court dismissed the plea.

Chandigarh Police had earlier registered the FIR against Yograj Singh at Sector 36 police station under Section 79 of the BNS and Section 67A of the Information Technology Act, 2000. The case was registered following a complaint submitted by advocate Ujjwal Bhasin.

According to the complaint, Yograj Singh allegedly used language that was insulting and derogatory towards women in a viral social media clip linked to a web series.

The complaint alleged that the remarks had hurt public sentiment and undermined the dignity and respect of women.

**CENTRAL UNIVERSITY OF KASHMIR**
Ganderbal www.cukashmir.ac.in

ADMISSION -2026 M.TECH. IN STRUCTURAL ENGINEERING
(WORKING PROFESSIONALS)
(AICTE Approved)

The Central University of Kashmir invites online applications from working professionals for admission to M.Tech. (Structural Engineering) programme in the Department of Civil Engineering for the academic session 2026-2027. The registration process shall begin from 26th May, 2026 (2:00 PM onwards). The last date of registration is 10th June, 2026 (upto 11:55 PM). For registration process & detailed information, candidates are advised to visit the University website: www.cukashmir.ac.in. S/d Director (I/C) Directorate of Admissions Date: 26.05.2026

**ICICI Bank**

**Registered Office:** ICICI Bank Tower, Near Chakli Circle, Old Padra Road, Vadodara – 390007, Gujarat
**Corporate Office:** ICICI Bank Towers, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai 400051, Maharashtra

**Branch Relocation Notice**
On Behalf of ICICI Bank Ltd., Sirsa Branch

Dear Customers,

This is to intimate you that with effect from July 27, 2026, we are relocating to a more convenient location. The address of the new location is as mentioned below:

**New Location:** ICICI Bank Ltd., Near Decent Honda Showroom, Dabwali Road, Dist. - Sirsa, Haryana - 125055.

There would be no change in your Account Number or the security items issued to you.

The following guidelines are applicable for customers holding lockers with our Sirsa Branch.

In the process of relocating our branch, we will also be relocating the safe deposit lockers to the address, as specified above. The shifting of the locker units will begin on July 23, 2026 and they will be installed at the new location on July 26, 2026.

In case you wish to continue to operate your locker at the new location, we request you to empty your locker and take charge of its contents. Please do so before July 23, 2026. You may replace them at the new location, anytime, during banking hours after July 26, 2026, at your convenience.

In case you are unable to empty your locker, we shall have to move the locker units, along with its content. The locker units will be moved under proper supervision and every precaution will be taken to handle them carefully.

Assuring you of the best services, at all times.

Sincerely,
**Branch Manager, Sirsa Branch**

**IIM GUWAHATI**
INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT GUWAHATI
**REQUIRES**

1. Assistant Administrative Officers
2. Stores & Purchase Officer
3. Assistant Librarian
4. Accountant
5. Junior Engineer (Civil)
6. Junior Assistant

To know more about the above positions, please visit IIMA's **website: https://www.iima.ac.in/the-institute/administration/work-with-us/IIMGuwahati**. Interested candidates are advised to APPLY ONLINE by **June 06, 2026**.

Advertisement No.: 54/2026
Government of India
Public Enterprises Selection Board
invites applications for the post of
**Managing Director**
in
**National Backward Classes Finance & Development Corporation**
Last date of submission of application by applicants is by 15:00 hours on
**15/06/2026**
Last date of forwarding of applications by the Nodal Officers to PESB is by 17:00 hours on
**24/06/2026**
For details login to website
https://pesb.gov.in

**SBI**
BRANCH OFFICE:
SAI ROAD, BADDI, DISTT. SOLAN

**E-AUCTION SALE NOTICE**
**LAST DATE FOR SUBMISSION OF EMD & DOCUMENT ONLINE ON OR BEFORE FOR 10.06.2026**
It is informed to the general public or interesting person/ parties that public E-Auction/sale through E Auction **portal https://baanknet.com**

| Name of the /Borrower | Vehicle Make & Model | Outstanding Amount | Reserve Price / EMD | Bid Increase Amount | Date & Time of Inspection / Date & Time of E Auction |
|---|---|---|---|---|---|
| **Borrower : Miss Durga** D/o Chanar Deep Sahni, House No. 420 B2, Near Shiv Mandir, Dharampur Colony, Pinjore 134102. **2. Shri Shyam Industries,** Near Bus Stand, Village Nanakpur, Pinjore, Panchkula, HARYANA- 134102. | **Hyundai Motor Ltd. EXTER 1.2 MT KAPPA S CNG 2023, Registration No. HR 49 J 8628, Engine No. G4LAPM680166, Chassis No. MALB281CLPM028517.** | **Rs. 7,38,521/- (Principal) + Rs. 84,769/- (Interest) = Rs. 8,23,290/-** | Rs. 6,50,000/- / Rs. 65,000/- | Rs. 10,000/- | 08.06.2026, 11: 00 AM to 04:00 PM / 11.06.2026 AT 10:00 AM TO 01:00 PM |

The e-Auction will be conducted through Bank's approved service provider: Baanknet through its auction site **https://baanknet.com** E-Auction Tender documents containing online e auction bid form, Declaration, General Terms & Conditions of online auction sale are available in **https://baanknet.com.** The interested bidders shall submit their EMD through Web Portal: **https://baanknet.com** (the user ID & Password can be obtained free of cost by registering name with **https://baanknet.com** through Login ID & Password. **The EMD will be payable through NEFT to bidder's own wallet registered with Baanknet on its auction site Please note that the EMD must be deposited in the wallet registered with the Baanknet by 10.06.2026 before 16.00 Hrs**. There is no encumbrances on the properties known to the Secured Creditor. However, the intending bidders should make their own independent inquiries regarding the encumbrances, title of Vehicle put on auction and claims/ rights/ dues/ effecting the Vehicle prior to submitting their bid. The e-Auction advertisement does not constitute and will not be deemed to constitute any commitment or any representation of the bank. The Vehicle is being sold with all the existing and future encumbrances whether known or unknown to the bank. The Authorised Officer / Secured Creditor shall not be responsible any way for misprinting error or any third party claims / rights / dues. The sale shall be subject to rules/conditions prescribed under the **https://baanknet.com Contact Branch Manager Anil Kumar Tomar, Mob. No. 96711 95613, Email Id : sbi.18341@sbi.co.in**

1. **It will be the sole responsibility of the successful bidder to get the vehicle transferred tp his/her name at his/her own cost and expenses.**
2. **Vehicles will be sold in "As is where is" "As is what is" and "whatever there is" condition.**

**Dated : 26.06.2026** **Place : BADDI** **Chief Manager**

**VIT-AP UNIVERSITY**



**ADMISSIONS OPEN - 2026**
**PROGRAMMES OFFERED**

**ENGINEERING PROGRAMMES**
**B.TECH. PROGRAMMES - MAJORS**
**(Admission based on VITEEE Rank)**
Computer Science and Engineering (CSE), CSE (Artificial Intelligence and Machine Learning), CSE (Blockchain), CSE (Cyber Security), CSE (Data Analytics), CSE (Software Engineering), CSE and Business Systems (in collaboration with TCS), Electronics and Communication Engineering (ECE), ECE (Embedded Systems), ECE (VLSI), **EEE*, Electronics and Computer Engineering***, Mechanical Engineering (Mech), Mech (Automotive Design), Mech (Robotics), **Biotechnology*#**

**All B.Tech. Programmes having credit transfer option through ITP and SAP opportunities with partner universities.**

**17 Minors / Double Major options (within 4 Years)**

**5-YEAR INTEGRATED PROGRAMMES**
(For students after their 12th Standard)
**M.Tech. Software Engineering**
**M.Tech. CSE** (In collaboration with Virtusa)

**PG PROGRAMMES (2 Years)**
**M.Tech. (VLSI Design)**
**M.Tech. (CSE)**

**Ph.D PROGRAMMES**
Engineering, Sciences, Management, Commerce, Law, Humanities, Social Sciences

**NON ENGINEERING PROGRAMMES**
**B.B.A.** - 3 Yrs or 4 Yrs (Hons.)
Specialization : FinTech/Digital Marketing/Business Analytics - In collaboration with ISDC, UK

**All B.B.A. programmes have the transfer option to the University of Michigan-Dearborn, USA and Arizona State University, USA**

**B.Com. (Finance)**
Accredited by ACCA (9 Papers exempted)

**B.Sc.**
**Psychology***
**Applied Statistics and Analytics***
**Biochemistry*†**

**LAW PROGRAMMES**
**B.B.A., LL.B.** (Hons.) - 5 Yrs **B.A., LL.B.** (Hons.) - 5 Yrs

**DUAL DEGREE PROGRAMMES**
**B.Sc. - M.Sc. Data Science** (in collaboration with Binghamton University, USA & QpiAI, India Pvt. Ltd)
**B.A. - M.A.**

**PG PROGRAMMES**
**M.B.A* (Marketing / Human Resource Management / Finance /Operations Management / Business Analytics)**
**M.Sc. Data Science**
**M.Sc. Chemistry**
**M.Sc. Energy Science and Technology*** (1+1 option in collaboration with The University of Newcastle Australia (UNCA)

*New Programmes #†Biology as one of the compulsory subjects

**All admissions are subjected to fulfillment of eligibility criteria. For details please visit the eligibility tab for the respective programmes in the link given : https://www.vitap.ac.in/application-process**



**VIT-AP University**, Beside AP Secretariat, Amaravati, Andhra Pradesh-522241
admission@vitap.ac.in 08632370444 7901091283 / 7901311658
www.vitap.ac.in vitap.university vitap.university vit-ap VITAPuniversity VITAP
Scan for more info

# हिमाचल में बनेगा 'धार्मिक पर्यटन सर्किट', दुनिया भर के श्रद्धालुओं के लिए सुगम होगी 'देवभूमि' की यात्रा

## राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने माँ ज्वाला देवी मंदिर में टेका माथा ; प्रदेश की समृद्धि के लिए की प्रार्थना



**सवेरा न्यूज़/ यशपाल सिंह**

धर्मशाला, 26 मईः हिमाचल प्रदेश की असीम आध्यात्मिक और पर्यटन क्षमताओं को नई उड़ान देने के लिए राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने 'देवभूमि' में एक समर्पित और सुव्यवस्थित 'धार्मिक पर्यटन सर्किट' बनाने का पुरजोर आह्वान किया है।

राज्यपाल का मानना है कि इस पहल से न केवल राज्य के प्रसिद्ध मंदिरों, शक्तिपीठों, मठों और पवित्र स्थलों को बेहतर बुनियादी ढांचे व

### ढांचागत विकास और रोजगार सृजन पर दिया जोर

आधुनिक सुविधाओं के साथ आपस में जोड़ा जा सकेगा, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी भारी मजबूती मिलेगी। यह कदम प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलने और यहाँ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने में मील का पत्थर साबित होगा। कांगड़ा जिले के विश्वप्रसिद्ध पवित्र शक्तिपीठ माँ ज्वाला देवी मंदिर में प्रथम महिला बिंदु गुप्ता के साथ शीश नवाजने के बाद मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में राज्यपाल ने अपनी इस दूरगामी सोच को साझा किया।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पास ज्वाला देवी, ब्रजेश्वरी देवी, चिंतपूर्णी, नैना देवी, चामुंडा देवी और सुरम्य पहाड़ियों में फैले अनगिनत प्राचीन मंदिरों व बौद्ध मठों के रूप में अद्वितीय आध्यात्मिक संपदा है। वैश्विक स्तर पर श्रद्धालुओं को आकर्षित करने और उनकी यात्रा को सुगम व सुखद बनाने के लिए इन सभी पवित्र स्थलों को एक व्यापक सर्किट के तहत एकीकृत करना समय की सबसे बड़ी मांग है।

### अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार बनेगा धार्मिक पर्यटन

राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने इस बात पर विशेष बल दिया कि धार्मिक पर्यटन में हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक मुख्य स्तंभ बनने की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने राज्य सरकार, केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय और सभी संबंधित हितधारकों से एकजुट होकर काम करने की अपील की। राज्यपाल ने कहा कि हमें इन पवित्र स्थलों की शुचिता, मर्यादा और आध्यात्मिक सार को अक्षुण्ण रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं का विकास करना होगा। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर की बेहतर व्यवस्थाओं और सुचारू प्रबंधन के लिए स्थानीय प्रशासन तथा मंदिर अधिकारियों की पीठ भी थपथपाई।

# भाजपा की कथनी-करनी में फर्क, तेल की कीमतों पर अब खुद घिरी भाजपाः सुक्खू

## पंचायत चुनाव में रिकॉर्ड मतदान पर जनता का जताया आभार, बोले—सरकार का काम चुनाव के दौरान भी नहीं रुकता



**सवेरा ब्यूरो**

शिमला, 26 मईः हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंचायत चुनाव के दौरान कैबिनेट बैठक को मुद्दा बना रही है, जबकि पूर्व में भाजपा सरकारों के समय भी चुनावों के दौरान कैबिनेट बैठकें होती रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और प्रेम कुमार धूमल के कार्यकाल में भी पंचायत चुनाव के दौरान सरकारी कामकाज चलता रहा। ऐसे में भाजपा का विरोध केवल राजनीतिक बयानबाजी है।

उन्होंने पंचायत चुनाव के पहले चरण में हुए करीब 78 प्रतिशत मतदान पर जनता का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश की जनता लोकतंत्र के इस पर्व में उत्साह के साथ भाग ले रही है।

पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर भी मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार और भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हिमाचल विधानसभा में अनाथ एवं विधवा सेस विधेयक का विरोध करते हुए यह तर्क दिया था कि इससे तेल के दाम बढ़ेंगे। अब केंद्र सरकार खुद तेल की कीमतें बढ़ा रही है। सुक्खू ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को अब अपनी ही बातों का जवाब देना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आने वाले पर्यटकों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार पर्यटन सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि छोटे कारोबारियों और दुकानदारों को राहत देने के लिए सरकार ने सभी दुकानों को 24 घंटे तक खुले रखने की अनुमति देने का फैसला किया है, ताकि व्यापारी अपनी सुविधा और क्षमता के अनुसार इसका लाभ उठा सकें।

# तेल कंपनियां मुनाफा कमा रहीं, आम आदमी महंगाई में पिस रहा : अनुराग ढांडा

**सवेरा ब्यूरो**

चंडीगढ़, 26 मई : आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने मंगलवार को पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला है। अनुराग ढांडा ने कहा कि देश की जनता महंगाई से कराह रही है, लेकिन भाजपा सरकारें जनता को राहत देने की बजाय टैक्स और तेल की कीमतों से लूटने में लगी हुई हैं।

अनुराग ढांडा ने कहा कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल को जनता की जरूरत नहीं, बल्कि कमाई का सबसे बड़ा जरिया बना दिया है। केंद्र सरकार पिछले वर्षों में पेट्रोल और डीजल पर टैक्स लगाकर लाखों करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। पेट्रोलियम मंत्रालय और सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी और टैक्स के जरिए करीब 44 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की वसूली की है। दूसरी तरफ सरकारी तेल कंपनियां भी लगातार हजारों करोड़ का मुनाफा कमा रही हैं। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी कंपनियों ने हाल के वर्षों में रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया है, लेकिन उसका कोई फायदा आम जनता को नहीं दिया गया। अनुराग ढांडा ने हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान प्रदेश है और आने वाले दिनों में धान, ज्वार और बाजरा की खेती का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे समय में पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने किसानों की चिंता कई गुना बढ़ा दी है। डीजल महंगा होने का सीधा असर ट्रैक्टर, सिंचाई, कटाई, बुवाई और मंडियों तक फसल पहुंचाने की लागत पर पड़ता है। पहले ही किसान महंगे बीज, खाद और कीटनाशकों की मार झेल रहा है, ऊपर से ईंधन के बढ़ते दाम खेती को और महंगा बना रहे हैं।

उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार तुरंत पेट्रोल, डीजल और सीएनजी पर टैक्स कम करे और हरियाणा सरकार भी वैट घटाकर जनता को राहत दे। अगर भाजपा सरकारें जनता को राहत देने में असफल रहती हैं तो आने वाले समय में जनता इसका जवाब जरूर देगी।

# कल से बदलेगा मौसम का मिजाज, पहले हीटवेव फिर ओलावृष्टि-तूफान का खतरा



**सवेरा न्यूज/कुलदीप**

शिमला, 26 मई :हिमाचल प्रदेश में मई के अंतिम सप्ताह में मौसम ने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को मैदानी और निचले इलाकों में भीषण गर्मी और हीटवेव ने लोगों को बेहाल कर दिया, जबकि मौसम विभाग ने 28 मई से प्रदेश में तेज तूफान, ओलावृष्टि और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। ऐसे में प्रदेश के लोगों को अगले तीन दिन मौसम के दोहरे असर का सामना करना पड़ सकता है।

ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर के निचले क्षेत्रों में दिनभर गर्म हवाएं चलती रहीं। शिमला में भी दोपहर के समय तेज धूप और उमस से लोग परेशान नजर आए। रिज मैदान पर स्थानीय लोग और पर्यटक छाते लेकर व चेहरे ढककर चलते दिखे। हीटवेव के कारण अधिकांश शहरों के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने बुधवार के लिए शिमला, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार तापमान में अभी और बढ़ोतरी हो सकती है।

हालांकि 28 मई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे मौसम करवट लेगा। 28 और 29 मई को प्रदेश में भारी ओलावृष्टि, तेज बारिश और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चलने का पूर्वानुमान है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। खराब मौसम का असर 30 मई तक बना रह सकता है।

मौसम विभाग ने किसानों और बागवानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। तेज आंधी और ओलावृष्टि से सेबए सब्जियों और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई गई है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान ऊना में 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गयाए जो सामान्य से 3ण्1 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं नेरी में 39.8 और सुंदरनगर में 38.7 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। दूसरी ओर मनाली और केलांग में हल्की बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

# सोशल मीडिया के दुष्प्रचार पर भारी पड़ा जनता का विश्वास, कांगड़ पंचायत से विनोद बिट्टू की शानदार जीत

**सवेरा न्यूज/राजीव भनोट**

ऊना, 26 मई : हरोली उपमंडल के तहत आने वाली ग्राम पंचायत कांगड़ में हुए हालिया चुनावी दंगल में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के धुर समर्थक विनोद कुमार बिट्टू ने एकतरफा और शानदार जीत दर्ज की है। जनता ने सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ किए जा रहे तमाम तरह के भ्रामक और नकारात्मक प्रचार को पूरी तरह से नकारते हुए विनोद बिट्टू के पक्ष में अपना निर्णायक जनादेश सुनाया है।

### त्रिकोणीय मुकाबले में विरोधियों को पछाड़ा

चुनावी नतीजों के मुताबिक विनोद कुमार बिट्टू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को एक बड़े अंतर से शिकस्त दी है। विनोद कुमार बिट्टू को कुल 854 मत प्राप्त हुए। उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी रजनी को 612 वोट मिले। तीसरी प्रत्याशी नीलम को मात्र 83 वोटों से संतोष करना पड़ा। इस प्रकार विनोद कुमार बिट्टू ने 242 वोटों के एक बड़े और सम्मानजनक अंतर से जीत का परचम लहराया है।

### जीत का श्रेय जनता और उपमुख्यमंत्री को समर्पित

अपनी इस ऐतिहासिक जीत के बाद क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों द्वारा विनोद बिट्टू का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने अपनी इस जीत को क्षेत्र की जनता के विश्वास और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के आशीर्वाद की जीत बताया।

### मेरी नहीं जनता की है जीत : बिट्टू

विनोद कुमार बिट्टू ने कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि कांगड़ पंचायत की जागरूक जनता की जीत है। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से मेरे खिलाफ दुष्प्रचार की हर मुमकिन कोशिश कीए लेकिन जनता ने उन सभी साजिशों को धूल चटाते हुए सच्चाई का साथ दिया है।

### गांव और गरीब की सेवा ही एकमात्र लक्ष्य

विनोद बिट्टू ने आगे कहा कि वे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के दिखाए सबका विकास ,गांव गरीब की सेवा के मार्ग पर चलते हुए पंचायत की सेवा करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि जो भी वादे उन्होंने जनता से किए हैं, उन्हें पूरी निष्ठा के साथ समय पर पूरा किया जाएगा। गांव के हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# हरियाणा की आशा वर्कर्स ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा 9 सूत्रीय मांग पत्र

**सवेरा ब्यूरो** चंडीगढ़, 26 मई : हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से चंडीगढ़ में आशा वर्कर्स के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और उन्हें 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मंत्री ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आशा वर्कर्स के काम की सराहना करते हुए विश्वास दिलाया कि सरकार उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर है। आशा वर्कर्स की जितनी भी जायज मांगें हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। मंत्री ने एनएचएम डायरेक्टर को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देश दिए कि सौंपे गए 9 सूत्रीय मांग पत्र के सभी बिंदुओं और तकनीकी मुद्दों का गहराई से अध्ययन किया जाए और इस पर त्वरित उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए।

*हरियाणा के मुख्यमंत्री की प्रगति समीक्षा बैठक में अफसरों को दो टूक, विकास कार्यों में देरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं*

# 'डेडलाइन मिस हुई तो कार्रवाई तय' सीएम नायब सैनी ने 75 करोड़ से बड़ी परियोजनाओं पर कसा शिकंजा



हरियाणा के मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में स्टेट प्रगति के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**सवेरा ब्यूरो**

चंडीगढ़, 26 मई : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा सिविल सचिवालय में उच्च स्तरीय प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें राज्यभर में चल रही 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रत्येक परियोजना का कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य ढांचे को मिलेगी नई ताकत, तीन बड़े अस्पताल प्रोजेक्ट्स पर फोकस :** स्वास्थ्य परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में तीन बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा हुई। फरीदाबाद सिविल अस्पताल में बनने वाले मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल एवं सर्विस ब्लॉक के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि इसका कार्य 28 प्रतिशत पूरा हो चुका है। परियोजना 18 जनवरी 2028 तक पूर्ण हो जाएगी। सोनीपत सिविल अस्पताल परिसर में 138.12 करोड़ रुपये से बन रहे 100 बिस्तरों वाले मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का 20 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना 19 अक्टूबर 2027 तक पूर्ण हो जाएगी। असंध करनाल में 76.19 करोड़ रुपये से 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण कार्य 25 प्रतिशत पूरा किया जा चुका है।

**विकासात्मक एवं इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को गति देने पर जोर :** विकासात्मक एवं इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को गति देने के लिए सरकार ने प्रशासनिक निगरानी को कड़ा किया है। फरीदाबाद सेक्टर-78 में 378.90 करोड़ रुपये से निमार्णाधीन इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के संबंध में बताया कि इसका 50 प्रतिशत भौतिक कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना फरवरी 2027 तक पूर्ण होने का अनुमान है।

शिक्षा एवं कृषि क्षेत्र के तहत करनाल में 422.54 करोड़ रुपये से बन रहे महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय परिसर का निर्माण कार्य 43 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

**पानीपत शुगर मिल में इथेनॉल प्लांट स्थापना को मंजूरी :** मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि सहकारिता विभाग के तहत पानीपत शुगर मिल्स में 200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 90 केएलपीडी क्षमता का नया मल्टी-फीड इथेनॉल प्लांट स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है। निविदा प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए मामला हाई-पावर्ड परचेज कमेटी के समक्ष भेजा जा रहा है। परियोजना वर्ष 2027-28 के दौरान पूर्ण हो जाएगी।

**अग्निशमन सेवा के आधुनिकीकरण और आपदा प्रबंधन को मिलेगा बल :** मुख्यमंत्री को बताया कि अग्निशमन सेवा को आधुनिक बनाने के लिए जींद के खेड़ी मसानिया में 100 करोड़ रुपये से बनने वाले फायर ट्रेनिंग सेंटर के लिए भूमि की रजिस्ट्री कराई है। ड्राइंग-डिजाइन तैयार करने के लिए 02 करोड़ रुपये की राशि पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित की है। आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 120 करोड़ रुपये से 104 मीटर ऊंचे एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की खरीद के लिए मंजूरी के बाद संशोधित आरएफपी सरकार को भेजा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी परियोजनाओं में निर्धारित नियमों एवं समय-सीमा का पालन अनिवार्य है। किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम की समीक्षा

**मुख्यमंत्री ने** नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के अधिक युवाओं को उद्योगों एवं संस्थानों से जोडने के लिए जिलास्तर पर जॉब फेयर की संख्या बढ़ाई जाए। तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण एवं रोजगार विभागों के बीच समन्वय और सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक माह रोजगार सृजन की दिशा में ठोस परिणाम दिखाई देने चाहिए। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए योजनाओं को प्रभावी बनाया जाए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, एसीएस डॉ. सुमिता मिश्रा, अपूर्व कुमार सिंह, विजेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, प्रधान सचिव राजीव रंजन, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक डॉ. चंद्रशेखर खरे, निगरानी एवं समन्वय की विशेष सचिव डॉ. प्रियंका सोनी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष भारत के लिए स्वर्णिम काल साबित हुए : ऊर्जा मंत्री अनिल विज

**सवेरा न्यूज़/देवदत्त शर्मा**

अम्बाला छावनी, 26 मई : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष भारत के लिए स्वर्णिम काल साबित हुए हैं।

इस दौरान देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है, जनता का विश्वास मजबूत हुआ है, आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है तथा डिजिटल क्रांति के माध्यम से भारत ने विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान से उठकर 5वें स्थान पर पहुंची है, जो देश की आर्थिक मजबूती और वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है।

मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए श्री अनिल विज ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत की वैश्विक छवि में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध सख्त नीति अपनाई है। आज यदि कोई आतंकवादी गतिविधि होती है, तो भारत मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

**मोदी नेतृत्व में भारत की वैश्विक छवि मजबूत, आतंकवाद को मिला करारा जवाब : अनिल विज**

**11वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत, मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि : अनिल विज**

**सर्जिकल स्ट्राइक और निर्णायक कार्रवाई से बदली देश की पहचान : विज**

सर्जिकल स्ट्राइक और "ऑपरेशन सिंदूर" जैसे अभियानों के माध्यम से आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर देश की सुरक्षा और सम्मान को नई मजबूती प्रदान की गई है।

श्री विज ने कहा कि भारत के राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह में अंकित तीन शेर शक्ति, साहस और आत्मविश्वास के प्रतीक हैं, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन्हीं मूल्यों के अनुरूप देश को विश्व मंच पर मजबूती के साथ खड़ा करने का कार्य किया है।

# नीट पेपर लीक और सीबीएसई मूल्यांकन घोटाले पर 'आप' का भाजपा पर तीखा हमलाकेंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत करें बर्खास्त : डा. सुशील गुप्ता

**सवेरा न्यूज**

नई दिल्ली/चंडीगढ़ः आम आदमी पार्टी (AAP) के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने देश में लगातार सामने आ रहे शिक्षा घोटालों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार किया है और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तर्ज पर देश के लाखों छात्रों की आवाज उठाते हुए डॉ. सुशील गुप्ता ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तुरंत इस्तीफे और उन्हें पद से बर्खास्त करने की पुरजोर मांग की है। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि पहले नीट (NEET) परीक्षा में हुई देशव्यापी धांधली और पेपर लीक ने लाखों होनहार छात्रों के सपनों को तोड़ा, और अब सी बी ए स ई (CBSE) के मूल्यांकन प्रोसेस (Evaluation Process) में इतना बड़ा घोटाला सामने आया है जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। आज देश भर में 12वीं कक्षा के लाखों बच्चे और उनके अभिभावक भारी मानसिक तनाव और अवसाद (Depression) से गुजर रहे हैं। एक अक्षम और निकम्मे शिक्षा मंत्री की वजह से हमारे देश के भविष्य को इस तरह के मानसिक आघात (Trauma) से नहीं गुजरने दिया जा सकता।



डा. सुशील गुप्ता

डॉ. गुप्ता ने सीबीएसई के पुनर्मूल्यांकन (Revaluation) प्रोसेस में चल रही भारी तकनीकी लापरवाही को उजागर करते हुए कहा कि पिछले 4-5 दिनों से सीबीएसई का पोर्टल पूरी तरह ठप पड़ा है। छात्र लॉग-इन तक नहीं कर पा रहे हैं। कई छात्रों का कहना है कि 40-40 बार कोशिश करने के बाद लोग इन हो रहा है। इसके बाद पेमेंट गेटवे काम नहीं कर रहा है और जो आंसर-शीट स्कैन करके अपलोड की गई हैं, वे इतनी धुंधली (Blurred) हैं कि उनमें कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।

उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि क्या इसी तरह भाजपा देश को 21वीं सदी का भारत बनाएगी? डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि यदि सरकार ने अपनी अकर्मण्यता को सुधारते हुए शिक्षा मंत्री को बर्खास्त नहीं किया और छात्रों की मांगें नहीं मानीं, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर देशव्यापी आंदोलन के लिए मजबूर होगी।

SBI

ब्रांच ऑफिसः
साई रोड, बद्दी, जिला सोलन

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

ईएमडी और डॉक्यूमेंट ऑनलाइन जमा करने की आखिरी तारीख 10.06.2026 या उससे पहले है

आम जनता या किसी दिलचस्प व्यक्ति/पार्टी को सूचित किया जाता है कि पब्लिक ई-ऑक्शन/सेल ई-ऑक्शन पोर्टल https://baanknet.com के जरिए होगी।

| कर्जदार का नाम | व्हीकल निर्माण एवं मॉडल | बकाया राशि | आरक्षित कीमत / ईएमडी | बोली वृद्धि राशि | जांच की तिथि एवं समय / ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| उधार लेने वाला : मिस दुर्गा, बेटी चनार दीप साहनी, हाउस नंबर 420 B2, शिव मंदिर के पास, धर्मपुर कॉलोनी, पिंजौर 134102. 2. श्री श्याम इंडस्ट्रीज, बस स्टैंड के पास, गांव नानकपुर, पिंजौर, पंचकूला, हरियाणा-134102. | हुंडई मोटर लिमिटेड EXTER1.2 MT KAPPA S CNG 2023,रजिस्ट्रेशन नंबर HR 49 J 8 6 2 8 , इंजन नंबर .G4LAPM680166, चेसिस नंबर MALB281CLPM028517. | 7,38,521 रुपये (मूलधन) + 84,769 रुपये (ब्याज) = 8,23,290 रुपये | Rs. 6,50,000/- | Rs. 10,000/- | 08.06.2026, 11: 00 AM to 04:00 PM |
| | | | Rs. 65,000/- | | 11.06.2026 AT 10:00 AM TO 01:00 PM |

ई-ऑक्शन बैंक के अप्रूव्ड सर्विस प्रोवाइडर: बैंकनेट के जरिए उसकी ऑक्शन साइट https://baanknet.com पर किया जाएगा। ऑनलाइन ई-ऑक्शन बिड फॉर्म, डिक्लेरेशन, ऑनलाइन ऑक्शन सेल के जनरल टर्म्स एंड कंडीशंस वाले ई-ऑक्शन टेंडर डॉक्यूमेंट्स https://baanknet.com पर अवेलेबल हैं। जो बोली लगाने में इंटरेस्टेड हैं, उन्हें अपना EMD वेब पोर्टल: https://baanknet.com के जरिए जमा करना होगा (यूजर ID और पासवर्ड https://baanknet.com पर लॉगिन ID और पासवर्ड से नाम रजिस्टर करके मुफ्त में मिल सकता है। EMD, बोली लगाने वाले के अपने वॉलेट में NEFT के जरिए देना होगा जो बैंकनेट की ऑक्शन साइट पर रजिस्टर्ड है। कृपया ध्यान दें कि EMD को बैंकनेट के साथ रजिस्टर्ड वॉलेट में 10.06.2026 को शाम 4.00 बजे से पहले जमा करना होगा। सिक्योर्ड क्रेडिटर को प्रॉपर्टी पर कोई बोझ नहीं पता है। हालांकि, बोली लगाने का इरादा रखने वाले बोली लगाने वालों को अपनी बोली जमा करने से पहले बोझ, ऑक्शन में रखी गई गाड़ी का टाइटल और गाड़ी से जुड़े क्लेम/राइट/ड्यूज के बारे में खुद से जांच कर लेनी चाहिए। ई-ऑक्शन एडवर्टाइजमेंट बैंक का कोई कमिटमेंट या कोई रिप्रेजेंटेशन नहीं है और न ही माना जाएगा। गाड़ी को सभी मौजूदा और भविष्य के बोझ के साथ बेचा जा रहा है, चाहे वे बैंक को पता हों या नहीं। बैंक। ऑथराइज्ड ऑफिसर / सिक्योर्ड क्रेडिटर किसी भी तरह से मिसप्रिंटिंग एरर या किसी थर्ड पार्टी क्लेम / राइट्स / ड्यूज के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। सेल https://baanknet.com के तहत बताए गए नियमों / कंडीशंस के अधीन होगी। कॉन्टैक्ट ब्रांच मैनेजर अनिल कुमार तोमर, मोबाइल नंबर 96711 95613, ईमेल आईडी: sbi.18341@sbi.co.in

1. सफल बिडर की यह पूरी ज़िम्मेदारी होगी कि वह अपने खुद की लागत और खर्चे पर गाड़ी को अपने नाम पर ट्रांसफर करवाए।
2. गाड़ियां 'जैसी है जैसी है' 'जैसी है वैसी है' और 'जो भी है' कंडीशन में बेची जाएंगी।

दिनांक : 26.06.2026 स्थान : बद्दी चीफ मैनेजर